**A**

**SL. No. : S**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RR**
**REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ: **06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 25. 06. 2019 ]
[ Date : 25. 06. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ]
[ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## विभाग "A"

### ( गद्य, पद्य एवं पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : $11 \times 1 = 11$

1. लाला झाऊलाल ने अपनी विपदा किसे सुनाई ?
2. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रिका क्यों जाना पड़ा ?
3. इटली के प्रसिद्ध देशभक्त का क्या नाम था ?
4. सिपाही ने सरायवाले को चवन्नी क्यों दी ?
5. तावीज़ कैसा था ?
6. भण्डारी जी बचपन में कैसी थीं ?
7. पिछड़ा आदमी चुप कब रहता था ?
8. अक्कमहादेवी के अनुसार खोट किनमें नहीं रहता ?
9. नेपोलियन ने ज्योतिषी स क्या कहा ?
10. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है ?
11. हेलेन केलर के अनुसार 'प्रकृति का जादू' क्या है ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $9 \times 2 = 18$

12. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।
13. एशिया के एक प्रसिद्ध जीवन शास्त्री जिंदगी के बारे में क्या कहते हैं ?
14. बिदेसिया लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?
15. 'समा बंध गया' के लेखक ने ग्राम्य जीवन का वर्णन कैसे किया है ?
16. कोलकाता के आश्रम में कुत्ते ने कैसा बर्ताव किया था ?
17. कवि के अनुसार जग का नव निर्माण कैसे करें ?
18. अनदेखे अरूप ने प्यार का अर्थ कैसे बताया ?
19. संत कवि रैदास का नाम 'रविदास' क्यों रखा गया ?
20. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?

III. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 4 × 3 = 12

21. ''अच्छा, पहले अपने पाँच सौ रुपये गिनकर सहेज लीजिए ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

22. ''मर अभागे, तू मुझे और क्या-क्या दिखाएगा'' ?

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

23. ''आई एम रिअली प्राउड ऑफ यू''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

24. ''अज्ञानियों से स्नेह करना मानों पत्थर से चिनगारी निकालना है ।''

i) कवि का नाम :

ii) पद्य का नाम :

iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : 2 × 3 = 6

25. हरिशंकर परसाई :

i) जन्म-काल :

ii) कृतियाँ :

iii) अन्य जानकारियाँ :

26. डॉ० इकबाल :

i) जन्म-काल :

ii) उपाधि :

iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

27. पैदा कर जिस ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

.............................................................. स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

.............................................................. गले लगाना ।

VI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : 4

28. जिनि ढूँढ़ा तिनी पाइयाँ, गहरे पानी पैठि।

हौ बौरी डूबन डरी, रही किनारे बैठि ।।

**अथवा**

साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय ।

सार सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय ।।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : $3 \times 4 = 12$

29. ''रुपये की महानता'' का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**अथवा**

रुपये की झनझनाहट का वर्णन कैसे किया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

30. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

वेंकटराव के जीवन का अभूतपूर्व दिव्यदर्शन का वर्णन कीजिए ।

31. पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

''मनुष्यता सभी धर्मों से बड़ा है'' – 'सच्चा धर्म' पाठ के आधार पर इस कथन का समर्थन कीजिए ।

## विभाग "B"
## ( व्याकरण, अलंकार एवं छन्द )

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

32. 'पर्वतावली' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण
(C) व्यंजन (D) यण् ।

33. 'कृतज्ञ' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) कृपालु (B) ज्ञान
(C) कृतघ्न (D) तत्वज्ञानी ।

34. 'ऋतु' शब्द का अन्य वचन है –

(A) मौसम (B) ऋतुएँ
(C) ऋतु (D) ऋतुमय ।

35. 'नूतन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) नया (B) नयन
(C) प्राचीन (D) नौका ।

36. निम्नलिखित में 'भाववाचक संज्ञा रूप' है –

(A) लेख (B) लिखावट
(C) लेखक (D) लिखाना ।

37. 'धोना' का द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) धुलना (B) धोना
(C) धुलवाना (D) धुलाई ।

38. 'गरमाहट' शब्द से जुड़ा प्रत्यय है –

(A) गरम (B) रमा

(C) हट (D) आहट ।

39. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) विधुर (B) विधवा

(C) श्रीमान (D) वर ।

40. बच्चे ........... बाप का पता नहीं है – वाक्य के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) के (B) में

(C) पर (D) ने ।

41. मजदूर लोग परिश्रम से पैसे <u>कमाते</u> हैं – रेखांकित शब्द है –

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) विशेषण ।

IX. प्रथम **दो** शब्दों से सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

42. प्रतिदिन : अव्ययीभाव समास :: त्रिपुण्ड : .................................. ।

43. जो चिकित्सा देता है : चिकित्सक :: जो विदेश में रहता है : .......................... ।

44. देशभक्त शहीद हुआ : भूतकाल :: देशभक्त जंग जीतेगा : .............................. ।

45. राम <u>तेज़</u> दौड़ता है : क्रिया विशेषण :: राम <u>बुद्धिमान</u> है : ........................... ।

X. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

46. निज दुख गिरि सम रज करि जाना ।

XI. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

47. जाहि अनादि, अनन्त, अखण्ड, अछेद, अभेद बनावै ।

## विभाग "C"

## रचना

## ( वाक्य, पत्र लेखन एवं निबंध रचना )

XII. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) ईद का चाँद होना ।

(b) नाक काटना ।

XIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय के बारे में पत्र लिखिए : 5

49. बीमारी का कारण बताते हुए प्रधानाचार्य को चार दिनों की छुट्टी हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**अथवा**

समय का सदपयोग बताते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

XIV. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **बारह-पन्द्रह** वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

50. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व

ii) स्वच्छ भारत अभियान

iii) दूरदर्शन ।